# राष्ट्रीय खेल दिवस पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय में तीन दिवसीय खेल महोत्सव

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय अधीनस्थ पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में आज से राष्ट्रीय खेल दिवस–2025 के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 29 से 31 अगस्त तक महाविद्यालय खेल मैदान में खेल प्रभारी डॉ. ब्रजेश सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर तथा डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। यह आयोजन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, "एक घंटा खेल के मैदान में" टैगलाइन के साथ फिट इंडिया मिशन अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस को ओलंपिक भावना को समर्पित किया है, जिसमें उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान के मूल्यों का उत्सव मनाया जाएगा। यह दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर मनाया जाता है। खेल महोत्सव के दौरान खेल टीमों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और प्रतिष्ठित भारतीय खिलाड़ियों जैसे आज़ाद, मंगल, भगत, साइना, सचिन, उषा और कपिल के नाम दिए गए हैं। तीन दिनों तक वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, रस्साकशी जैसे खेलों के साथ–साथ खेल वाद–विवाद तथा स्वदेशी एवं समकालीन खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर माननीय कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट खेल भावना और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर खेल और फिटनेस को अपनाने का आह्वान किया। इस खेल महोत्सव के सफल आयोजन में क्रीड़ा अधिकारी श्री प्रवीण सिंह सहित डॉ. देवेंद्र गुप्ता, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. रणबीर सिंह जाटव, डॉ. शशि प्रधान और डॉ. शिल्पा गजभिए का विशेष सहयोग रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर